# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.05.2025 प्रसारण समय : 19:45 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी जानकारी : कहा– नौ आतंकी ठिकानों को किया गया नष्ट, मारे गए 100 से ज्यादा आतंकवादी।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में रक्षा और विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ की बैठक।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का वर्चुअली किया उद्घाटन : कहा– ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का प्रतीक।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' में सभी ने देखी ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक।

और

5. प्रदेश में कल मनाया जाएगा बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार : महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव आज से शुरू।

———————

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पेश है एक रिपोर्ट...

*आज शाम नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए डीजीएमओ ने कहा कि इनमें आतंकवादी यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे बड़े आतंकी थे, जो आईसी 814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की अवधारणा आतंक के अपराधियों और योजनाकारों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर ने सीमा पार आतंकी परिदृश्य पर बहुत ही सावधानी और सूक्ष्मता से हमला किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महा–निदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं।

*पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने कल भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक से बात की और उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करेंगे। दोनों पक्षों को सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए। हालांकि देर रात संवाददाता सम्मेलन के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि दोनों पक्षों के डीजीएमओ के बीच बातचीत के बाद पाकिस्तान द्वारा सहमति का बार–बार उल्लंघन किया गया है। भारत ने इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से लिया और सशस्त्र बलों ने इन उल्लंघनों का पर्याप्त और उचित जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान से इन उल्लंघनों को रोकने और स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। भारतीय सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। भारत का कहना है कि भविष्य में किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई को उसके खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और नई दिल्ली उसी के अनुसार जवाब देगी।*

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक है। आज लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेसटिंग फेसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्रो ने कहा कि इस ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का पता चलता है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के उद्देश्य से शुरू किया था और रिहायशी इलाकों को कतई लक्ष्य नहीं बनाया गया। लेकिन पाकिस्तान ने भारत के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया और साथ ही मंदिरों, गुरूद्वारों और चर्च पर भी हमले किए। रक्षा मंत्री ने कहा

कि सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई है। बाइट..

*भारत में आतंकवादी घटनाएं करने और कराने का क्या अंजाम होता है, ये पूरे विश्व ने उरी की घटना के बाद देखा जो हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा के बाद देखा जब बालाकोट तक एयर स्ट्राइक की गई और अब पहलगाम की घटना के बाद दुनिया देख रही है कि जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर मल्टीपल स्ट्राइक्स की। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है। ये आतंक के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा।*

उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय टेक्नॉलाजी दिवस पर इस सुविधा का शुरू होना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस दुनिया के सबसे तेज़ सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों में से है और यह केवल अस्त्र नहीं है बल्कि अपने आप में देश की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता का संदेश है। श्री सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर का गौरव होगा। बाइट...

*यह निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की गति को और तेज करेगा। हमारा सपना है कि उत्तर प्रदेश दुनिया के टॉप डिफेंस प्रोडक्शन और एक स्पोर्ट डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाए। आज जो ब्रह्मोस फैसिलिटी शुरू हो रही है, मैं समझता हूँ वह यूपी डिफेंस कॉरिडॉर का यह गौरव होगा। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा ब्रह्मोस इंटिग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास को भी मजबूती प्रदान करेगा।*

उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया। श्री योगी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल के

पराक्रम की झलक सभी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंदर देखी होगी। उन्होंने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ निर्यात में बढ़ोत्तरी हा रही है। बाइट...

*लगभग 7 यूनिट यहाँ पर ब्रह्मोस से जुड़ी हुई एंकर यूनिट भी इसके अगल–बगल लग रही है, ये चीजें दिखाती हैं कि जो कभी 2013–14 में भारत के अंदर भारत का जो निर्यात था रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में, आज हम उससे कई गुना ज्यादा, या निकई सौ गुना ज्यादा रक्षा उत्पादन निर्यात भी कर रहे हैं और आत्मनिर्भरता के साथ–साथ दुनिया के तमाम अपने मित्र देशों को इसको निर्यात करके उनकी सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ती करने का काम भी कर रहे हैं।*

इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड' का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया।

————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में परमहंस श्री योगानंद की जन्मस्थलो के पर्यटन विकास के लिए 2 हजार 768 लाख रुपए की परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है और इसके चलते तेजी से विकास हो रहा है। बाइट....

*सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाया गया है, सुरक्षा का जो माहौल बना है प्रदेश में आज उसी का परिणाम है। प्रदेश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर हो, काशी हो, अयोध्या हो, प्रयागराज हो, लखनऊ हो या प्रदेश का कोई अन्य सिटी, कोई अन्य जनपद विकास भी कर रहा है, विरासत का संरक्षण हो रहा है तो युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।*

————————

प्रदेश में कल बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर कई जनपदों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इटावा में बुद्ध पार्क में लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। वहीं महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बुद्ध पूर्णिमा का महोत्सव आज से शुरू हो गया। पेश है एक रिपोर्ट....

*बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आज सायं काल से महापरिनिर्वाण स्थल पर बौद्ध भिक्षुओं द्वारा विशेष पूजा की जा रही है। यह विशेष पूजा हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार और बौद्ध दर्शन के मर्मज्ञ महापण्डित राहुल सांकृत्यायन की प्रेरणा से कुशीनगर के बौद्ध भिक्षु भन्तेचन्द्रमणि ने शुरू की थी। तब से यह विशेष पूजा अपनी पूरी गरिमा के साथ प्रतिवर्ष आयोजित होती रही है। यह विशेष पूजा देशी एवं विदेशी पर्यटकों, बौद्ध भिक्षुओं तथा स्थानीय जनता के लिए श्रद्धा एवं आकर्षण का केन्द्र है। रात में धम्मदेशना का कार्यक्रम होगा। कल प्रातः म्यांमार बौद्ध विहार से बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर के*

*नेतृत्व में रथयात्रा परिभ्रमण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये हैं। कार्यक्रम में म्यामांर के राजदूतऊ जो ऊ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।*

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।**

**————————**

**प्रदेश सरकार ने 12 और नये उत्पादों को 'एक जिला एक उत्पाद' योजना यानी ओडीओपी में शामिल किया है, जिससे यह संख्या बढ़कर 74 हो गई है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि प्रदेश के हर जिले की पारंपरिक विशेषताओं और उद्योगों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिली है। इससे न सिर्फ स्थानीय शिल्पियों और उद्यमियों को रोज़गार मिला है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नईऊर्जा प्राप्त हुई है।**

**————————**

**मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में बढोत्तरी का अनुमान जताया है। लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में 5 डिग्री की बढ़त होगी। जिससे गर्मी बढ़ेगी। वहीं 14 मई से प्रदेश के कई हिस्सों में हीट वेव चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मानसून के 27 मई से एक जून तक केरल तट पर पहुंचने**

का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि 18 जून तक सबसे पहले मानसून के गोरखपुर पहुंचने की संभावना है।

————————